हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

बिलासपुर, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

राष्ट्र की शक्ति संगठन एवं एकता के साथ प्रेम में है: साध्वी रेणुका
4



## खबर संक्षेप

### जिले में लोग तेजी से जुड़ रहे सौर क्रांति से

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने न केवल घर-घर में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया है, बल्कि आमजन को महंगे बिजली बिल से भी राहत दिलाई है। जिले में बड़ी संख्या में लोग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं और सौर ऊर्जा की ओर तेजी से अग्रसर हो रहे हैं। जांजगीर शहर निवासी राजीव असाटी भी उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर की छत पर 4 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाया है। पहले उन्हें हर महीने हजारों रुपये का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, लेकिन अब उनका मासिक बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। इससे वे हर महीने अच्छी-खासी राशि की बचत कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम को लगवाने पर उन्हें सरकार की ओर से 78 हजार रुपये की सब्सिडी भी प्राप्त हुई, जिससे लागत में काफी राहत मिली।

### कमरीद में डांस प्रतियोगिता मड़ाई मेला का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत कमरीद के सागर पारा मोहल्ले में गुरुवार 2 अक्टूबर को दशहरा के अवसर पर डांस प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय तृतीय सहित विभिन्न स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। डांस प्रतियोगिता के साथ-साथ मेला का आयोजन भी स्थानीय युवाओं की टीम द्वारा किया जाएगा।

### 16 हजार घरों में नहीं पहुंचा नल कनेक्शन, जहां कनेक्शन वहां सप्लाई भी नहीं

# कौड़ी काम का नहीं जल जीवन मिशन, शोपीस बनी पानी टंकिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन जिले में अभी भी अधूरी तस्वीर पेश कर रही है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद हजारों ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन का लाभ नहीं मिल पाया है। विभागीय आंकड़े भले ही प्रगति का दावा कर रहे हों, लेकिन गांवों में बनी पानी टंकियां शोपीस बनकर खड़ी हैं और लोगों की प्यास बुझाने के बजाय जर्जर हालत में नजर आ रही हैं। स्थिति यह है कि 16 हजार घरों में अभी तक नल कनेक्शन नहीं पहुंचा है। वहीं जहां कनेक्शन पहुंचा भी है तो नियमित पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ में से एक जल जीवन मिशन के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 336 ग्राम पंचायतो एवं 425 गांवो को मिलाकर 2 लाख 7 हजार 286 लोगो के घरो तक नल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि उन्हें घर पर ही साफ पानी मिल सके। जो टारगेट रखा गया है। उसके अनुसार अब तक 1 लाख 91 हजार 135 से भी अधिक घरो तक नल कनेक्शन पहुंचाने की बात विभाग के द्वारा बताई जा रही है। साथ ही अभी 16 हजार 151 लोगो के घरो तक नल कनेक्शन पहुंचाने अभी बाकि है। पर वास्तविक्ता देखा जाए तो स्थिती कुछ और ही बता रही है। लाखो रूपऐ खर्च करके गांवो में पानी टंकी का निर्माण कार्य तो करा दिया गया है। जिसके चलते जरूरत मंद लोगो के घरो तक नल कनेक्शन भी नही पहुंच पा रहा है। आज भी देखा जाए तो गांवो में कई लोग सरकारी हैंडपंप के माध्यम से अपने घरो में पानी पहुंचाते है। वही पानी भरने को लेकर कई बार लोगो को मशक्कत करने के साथ पानी भरने को लेकर विवाद की स्थिती भी निर्मित होती है। इन्ही सब बातो को ध्यान में रखकर केन्द्र सरकार के द्वारा इस तरह की योजना बनाई गई है। ताकि लोगो को घर बैठे ही साफ पानी की ब्यवस्था की जा सके। वही विभागीय उदासीनता एवं ठेकेदारो के लापरवाही के चलते लोगो को अपने घरो तक नल कनेक्शन का लाभ नही मिल पा रहा है। इधर जल जीवन मिशन के तहत लोगों के घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का काम किया जा रहा है। वहीं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण घरों से निकला गंदा पानी गली मोहल्ले एवं गांव की सड़कों तक जाकर इकट्ठा हो जा रहा है। ऐसे में आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

#### खास बातें

- कुल ग्राम पंचायत 336
- कुल गांवो की संख्या 425
- करिर्पोटेड गांव 156
- सर्टिफाइड गांव 134
- रिर्पोटेड पंचायत 105
- सर्टिफाइड पंचायत 93
- कुल कनेक्शन 207286
- पूरा कार्य 191135
- बाकी- 16151



#### गांवों में टंकियां बनी शोपीस

योजना के तहत गांवों में लाखों रुपये की लागत से पानी की टंकियां बनाई गईं। लेकिन ग्रामीणों की शिकायत है कि इनमें से कई टंकियों का संचालन ही नहीं हो पा रहा है। नतीजतन, टंकियां केवल दिखावे की वस्तु बनकर खड़ी हैं। कई गांवों में लोग आज भी सरकारी हैंडपंपों पर निर्भर हैं। पानी भरने के दौरान अक्सर विवाद की स्थिति तक निर्मित हो जाती है।

#### सीसी रोड खोद डाले, गड्ढे अब भी जस के तस

ग्रामीणों ने बताया कि नल कनेक्शन पहुंचाने के दौरान गांव की सीसी सड़कें खोद डाली गईं। लेकिन काम पूरा होने के बाद ठेकेदारों ने गड्ढों को भरने की जहमत तक नहीं उठाई। नतीजतन सड़कों पर गड्ढे पड़े हैं और लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही को उजागर करती है।

#### दिए हैं दिशा निर्देश

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत में लोगों के घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने के लिए कार्य चल रहा है। कार्यों में गति लाने ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

-आदित्य प्रकाश
ईई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

## अंतरजिला के 3 शातिर लुटेरों के कब्जे से 4 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

चाकू के नोक पर राहगीरों से लूटपाट करने वाले तीन शातिर लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से लूट के 4 बाइक को जब्त करने की कार्रवाई की है। मामला अकलतरा थाना का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष यादव पिता केशव यादव उम्र 38 साल निवासी अंधियारी पाठ अकलतरा अपने साथी संजय कुमार साहू के साथ 22 सितंबर को रात 12 बजे लगभग हमसफर ढाबा से खाना खाकर घर वापस आ रहा था, तभी तीन अज्ञात लोग मोटर सायकल में आकर प्रार्थी को रोककर नुकीला वस्तु, हाथ मुक्का से मारपीट किए थे एवं प्रार्थी के जेब में रखा नगदी एक हजार रूपये एवं प्रार्थी के मोटर सायकल सुपर स्पलेंडर क्रमांक सीजी 11 बीपी 7678 को लूट कर भाग गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 126(2), 115(2), 309(4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना अकलतरा और सायबर टीम के द्वारा टेक्निकल एनालिसिस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीन संदेहियों भीम पासी पिता दूधनाथ पासी उम्र 21 वर्ष, चंदन चौहान पिता वीरेंद्र चौहान उम्र 18 वर्ष, विकाश पासी पिता मुकेश पासी उम्र 22वर्ष सभी निवासी महमन लालखदान वार्ड क 04 बिलासपुर थाना तोरवा को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर आरोपियों के द्वारा घटना दिनांक को थाना अकलतरा के तरौद चौक के पास प्रार्थी एवं उसके दोस्त से कैची की नोक पर एक हजार रुपया एवं सुपर स्पलेंडर क्रमांक सीजी11 बीपी 7678 को लूट करना स्वीकार किया। थाना सकरी में भी एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 एव्ही 7747 को लूट किए थे। साथ ही अन्य बाइक को बरामद को बरामद किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113
CAMPUS VIEW

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA MAKERS
Own your real asset.




A NEW ADDRESS OF LUXURY AND LIFESTYLE
New Town
Own it!
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of
DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
SPECIAL FEATURES & WORLD-CLASS AMENITIES
Discover a township that is built to inspire and designed to last. Every feature is carefully curated to provide you with comfort, security and joy.
Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages




TO AVAIL PRE-LAUNCH OFFER, CALL:
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

30- Sept- Jash-Coriya-Rag-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 9/30/2025 7:50 PM Page 1





# लव कुश की रामलीला में रावण दहन करेंगे बॉबी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल इस दशहरे पर दिल्ली में लव कुश रामलीला में मौजूद रहेंगे। दशहरा के दिन लाल किला मैदान में वह रावण वध के गवाह बनेंगे। लव कुश रामलीला समिति ने अभिनेता को आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया था। इस निमंत्रण को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया 'जब बॉबी देओल को दशहरे पर आमंत्रण दिया गया तो उन्होंने इसे पूरे उत्साह के साथ स्वीकार कर लिया। समिति का मानना है कि बॉबी देओल का इस ऐतिहासिक मंच पर आना रामलीला को और भी भव्य और यादगार बना देगा।'



## लाइफ Style

# रश्मिका
## तुम मेरे न हुए का टीजर रिलीज

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मैडॉक की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें स्त्री, स्त्री 2, मुंजा और भेड़िया जैसी फिल्में शामिल हैं। थामा का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

थामा के निर्माताओं ने कुछ दिन पहले फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया था। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'तुम मेरे न हुए'का टीजर रिलीज किया है। गाने का टीजर सामने आ चुका है। इसमें रश्मिका मंदाना लाल रंग के आउटफिट में बोल्ड अंदाज में और आयुष्मान खुराना के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। यह गाना प्यार और दिल टूटने की कहानी बयान करता है। हाल ही में फिल्म 'थामा' का धांसू ट्रेलर रिलीज किया गया था। जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक खलनायक यक्षशान के रूप में दिखाई दिए, जो सदियों से एक गुफा में फंसा है। आयुष्मान के किरदार आलोक को अपने शरीर में अजीब बदलाव दिखते हैं, जैसे वैम्पायर जैसे दांत और स्टील जैसा शरीर। रश्मिका का किरदार ताड़का, आलोक के साथ जटिल रिश्ता रखता है और कहता है कि उनका रिश्ता नहीं चल सकता क्योंकि वह अलग दुनिया से है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मैडॉक की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें स्त्री, स्त्री 2, मुंजा और भेड़िया जैसी फिल्में शामिल हैं। थामा का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। इसमें परेश रावल भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एक साथ देख सकते हैं पुराने सीजन

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है। इस सीरीज के दीवाने इसके पांचवे सीजन का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसका बीते बुधवार को ट्रेलर भी रिलीज हुआ, जिसनें फैंस के बीच इसकी चर्चा बढ़ गई है। इसके साथ ही फिनाले से पहले दर्शक 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सभी पुराने सीजन का आनंद ले सकते हैं। जारी हुए आखिरी सीजन के ट्रेलर में हॉकिन्स को अपसाइड डाउन द्वारा टुकड़े-टुकड़े होते हुए दिखाया गया है, जो पहली बार पूरे शहर को सीधे खतरे में डालता है।



# विकेड : फॉर गुड का फाइनल ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** ओज की धरती, जादू और अमर दोस्ती के फैंस के लिए इंतजार अब खत्म हो गया है! यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया (वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी द्वारा वितरित) ने विकेडः फॉर गुड का अंतिम ट्रेलर आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है। ट्रेलर में शानदार दृश्य, ऊंचे दांव वाला ड्रामा और वे संगीत क्षण शामिल हैं, जो हर प्रशंसक को रोमांचित कर देंगे। विकिडः फॉर गुड21 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. खबरों की मानें तो फिल्म का बजट 146 करोड़ के आसपास बताया गया है। कुडन्ट बी हैपियर की गूंज से लेकर नो गुड डीड गोज़ अनपनिश्ड की भावुक पुकार तक, हर फ्रेम ओज की धरती में एक गहरा जादुई और इमोशनल सफर को दर्शाता है, जो इस कहानी के दिल से जुड़ा हुआ है। इस फिल्म में एल्फ़ाबा, जिसे अब 'विकिड विच ऑफ द वेस्ट' के नाम से जाना जाता है।



# आठ साल बाद बॉलीवुड में कर रहीं वापसी

**मुंबई।** फुकरे और फुकरे 2 एक्ट्रेस प्रिया आनंद बरसों बाद एक साइबर क्राइम थ्रिलर सीरीज से बॉलीवुड में कमबैक कर रही हैं। इस साइबर क्राइम थ्रिलर का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। टीवी शो महाभारत में धृतराष्ट्र बने ठाकुर अनुप सिंह और रोहित रॉय लीड और अहम रोल में हैं। इस साइबर क्राइम थ्रिलर मूवी का नाम कंट्रोल है। यह फिल्म असली घटनाओं और बढ़ते डिजिटल फ्रॉड से इंस्पायर है। ट्रेलर की काफी इंटरेस्टिंग दिख रहा है। साइबर क्राइम के साथ-साथ दमदार एक्शन भी देखने को मिल रहा है। कंट्रोल के ट्रेलर में देखा जा सकता है कि ठाकुर अनुप सिंह यहां एक आर्मी ऑफिसर की भूमिका में नज़र आ रहे हैं, जबकि रोहित रॉय पहली बार एक विलेन के रूप में दमदार अंदाज में दिखाई देंगे. प्रिया आनंद भी साइबर क्राइम के अगेंस्ट लड़ते दिखाई देती हैं।



# इमरान ने आवारापन-2 की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी की मच अवेटेड फिल्म आवारापन 2 की शूटिंग शुरू हो गई है। 'आवारापन' के लगभग 18 साल बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल लेकर आ रहे हैं। मेकर्स और इमरान हाशमी ने फिल्म के मुहूर्त शॉट की एक तस्वीर साझा कर इस बात की जानकारी दी है। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित और बिलाल सिद्दीकी द्वारा लिखित 'आवारापन 2' का निर्माण विशेष भट्ट द्वारा विशेष फिल्म्स के तहत किया जा रहा है। पहला शूटिंग शेड्यूल फिलहाल बैंकॉक में चल रहा है। इमरान हाशमी और निर्माता विशेष भट्ट ने फिल्म के अगले पार्ट को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया। अब मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की भी जानकारी साझा की है। आवारापन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था।

## टीवी मसाला



# सीरीज जानवर के थ्रिलर सस्पेंस ने चौंकाया

**नई दिल्ली।** सीरीज जानवर शुरू होती है तो एक सामान्य पुलिस ड्रामा लगती है, जिसमें एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व किया जा रहा है। लेकिन, जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, यह सीरीज चौंकाने लगती है। सीरीज देखने के बाद कई लोगों ने ट्विटर पर इसे लेकर रिव्यू शेयर किए हैं। जानिए, क्यों खास लगी यह सीरीज सोशल मीडिया यूजर्स को। सीरीज जानवर को लेकर एक यूजर लिखता है, यह सीरीज शुरुआत आम पुलिस ड्रामा नजर आती है। लेकिन, आखिर मोड़ पर एक गहरा सबक दे जाती है। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, इस सीरीज ने मुझे वाकई हैरान कर दिया। अपराध, जातिगत मुद्दे और पौराणिक कथाओं को एक साथ बड़ी सहजता से बुना गया है। हर मोड़ पर सीरीज हमें सोचने के लिए मजबूर करती है। सीरीज में पुलिस ऑफिसर हेमंत कुमार का रोल भुवन अरोड़ा ने किया है। अभिनेता की एक्टिंग से यूजर्स इंप्रेस नजर आए। एक यूजर ने ट्विटर पर पोस्ट किया 'मैंने अभी-अभी जनावर सीरीज खत्म की है। यह कोई सामान्य थ्रिलर नहीं है। अपराध, जातिगत राजनीति और पौराणिक कथाएं, सबका मिक्स है। पुलिस ऑफिसर हेमंत कुमार से जुड़ाव महसूस होता है। सीरीज का ट्विस्ट पूरी तरह से बांधे रखता है। और क्लाइमैक्स के बारे में अभी भी सोच रहा हूं। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'सीरीज कुछ हिस्सों में लड़खड़ा जाती है। लेकिन भुवन अरोड़ा ने इस क्राइम-थ्रिलर को अपने अभिनय के साथ आगे बढ़ाया है।

## बिग बॉस से आवेज का पत्ता हुआ साफ

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 का हालिया वीकेंड का वार दर्शकों के लिए ढेर सारे सरप्राइज लेकर आया। जहां एक तरफ सलमान खान ने अपनी एनर्जी और डांस से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं इस



हफ्ते एविक्शन की तलवार आवेज दरबार पर गिरी। शो से उनका सफर यहीं खत्म हो गया, और घरवालों के साथ-साथ फैंस भी उन्हें जाते देख भावुक हो उठे। इस हफ्ते नॉमिनेशन में पांच नाम शामिल थे- गौरव खन्ना, मृदुल तिवारी, अशनूर कौर, प्रणित मोरे और आवेज दरबार। दर्शकों से कम वोट मिलने के कारण आवेज को घर छोड़ना पड़ा। उनके बाहर जाते ही माहौल इमोशनल हो गया। खासकर नेहल चूड़ासमा, अभिषेक बजाज और प्रणित मोरे खुद को रोक नहीं पाए और फूट-फूटकर रो पड़े। अभिषेक बजाज ने कहा कि उन्होंने आवेज को कई बार चेताया था कि गेम में थोड़ा और दम दिखाए, लेकिन आवेज का अंदाज अलग ही रहा। आवेज दरबार के बेघर होते ही सोशल मीडिया पर मेकर्स के इस फैसले के खिलाफ कई सवाल उठाए गए।

# इन 10 फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार
# दो का 2 अक्टूबर को होगा क्लैश

**मुंबई।** आनेवाले महीनों में कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। हम आपको आईएमडीबी के मुताबिक, टॉप 10 उन फिल्मों का नाम बता रहे हैं जिनका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस लिस्ट में विवेक ओबेरॉय की एक फिल्म और वरुण धवन की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी भी शामिल है।

***कांतारा अ लेजेंड चैप्टर 1:*** लिस्ट में पहले नंबर पर कांतारा अ लेजेंड चैप्टर 1 है। इस फिल्म के पेज पर 25.5 पर्सेंट व्यूज हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को रिषभ शेट्टी ने डायरेक्ट किया है।

***मस्ती 4 :*** लिस्ट में दूसरे नंबर पर मिलाप जावेरी की फिल्म मस्ती 4 है। इस फिल्म में विवेक ओबेरॉय, अरशद वारसी, रितेश देशमुख और तुषार कपूर जैसे एक्टर्स नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के पेज पर 24.5 पर्सेंट व्यूज हैं। फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

***एक दीवाने की दीवानियत :*** लिस्ट में तीसरे नंबर पर हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म एक दीवाने की दीवानियत है। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के पेज पर 11.6 पर्सेंट व्यूज हैं।



***सालार 2 :*** लिस्ट में चौथे नंबर पर प्रभास की फिल्म सालार 2 है। फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीजल होगी। इस फिल्म के पेज पर 9.3 पर्सेंट व्यूज हैं।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी:*** लिस्ट में 5वें नंबर पर वरुण धवन, रोहित सराफ, जाह्नवी कपूर और सान्या मल्होत्रा की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी है। इस फिल्म के पेज पर 7.1 पर्सेंट व्यूज हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

***थामा:*** लिस्ट में छठे नंबर पर आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल की फिल्म थामा है। फिल्म के पेज पर 7 पर्सेंट व्यूज हैं। ये फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

***रोई रोई बिनाले:*** लिस्ट में 7वें नंबर पर दिवंगत सिंगर जुबीन गर्ग की फिल्म रोई रोई बिनाले है। यह एक आसामी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। बता दें, जुबीन का पिछले महीने एक वॉटर एक्सिडेंट की वजह से निधन हो गया। जुबीन की ये फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी।

***इडली कढ़ाई :*** लिस्ट में 8वें नंबर पर तमिल भाषा की ड्रामा फिल्म इडली कढ़ाई है। फिल्म में एक्टिंग के साथ-साथ धनुष ने ये फिल्म उन्होंने डायरेक्ट भी की है। ये फिल्म 1 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

***आन पावम पोलाथाथु और ड्यूड :*** लिस्ट में 8वें नंबर पर तमिल कॉमेडी-एंटरटेनर फिल्म आन पावम पोलाथाथु है। फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। वहीं, 10वें नंबर पर तमिल भाषा की रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म ड्यूड है। फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नवरात्रि की जलसा में धूम
# अमिताभ ने फैंस को बांटे डांडिया



**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन अपने फैंस से जुड़े रहने का तरीका खूब जानते हैं। हर रविवार की तरह इस बार भी उन्होंने मुंबई स्थित अपने बंगले जलसा के बाहर मौजूद भीड़ का दिल जीत लिया। लेकिन, इस बार नजारा थोड़ा हटकर रहा। नवरात्रि के मौके पर बिग बी ने फैंस को सिर्फ अपने दीदार ही नहीं कराए, बल्कि उपहार के तौर पर डांडिया स्टिक भी बांटे। सोशल मीडिया पर बिग बी का यह अंदाज अब खूब वायरल हो रहा है। रविवार को जब अमिताभ बच्चन सफेद कुर्ता-पायजामा और जैकेट पहने बाहर आए, तो हजारों की भीड़ ने उनका स्वागत किया। बिग बी ने हाथ हिलाकर फैंस को आशीर्वाद दिया और फिर एक-एक कर गिफ्ट बांटना शुरू किया। जहां कुछ लोगों को डांडिया स्टिक मिली, वहीं कई ने बिग बी की तस्वीर और वीडियो से ही खुद को संतुष्ट किया। नवरात्रि के माहौल में यह तोहफा हर किसी को खास लगा।

## श्रीनारायण ने किया था डायरेक्शन, 300 करोड़ की कमाई के साथ जीते 11 अवॉर्ड

# साढ़े 4 साल रिजेक्ट होती रही स्क्रिप्ट, इस हीरो ने हाथ जोड़ मांगी फिल्म

**नई दिल्ली।** कई बार फिल्मों की कहानियां ऐसी होती हैं, जिनमें एक्टर्स काम करने की दिलचस्प नहीं दिखाते। ऐसी ही एक मूवी 8 साल पहले रिलीज हुई थी, जिसमें कोई भी काम नहीं करना चाहता था। मगर, एक हीरो ने हाथ जोड़कर फिल्म मांगी और फिर उसमें काम किया है। उस फिल्म का नाम है 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा'। साल 2017 में 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' फिल्म रिलीज हुई थी। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में थे. वहीं, भूमि पेडनेकर उनके अपोजिट नजर आई थीं. अनुपम खेर, दिव्येंदु शर्मा, सचिन खेडकर और राजेश शर्मा जैसे सितारे भी फिल्म का हिस्सा थे। इस मूवी का डायरेक्शन श्रीनारायण सिंह ने किया था।

### ग्रामीण इलाकों में शौचालयों की समस्याओं को करती है उजागर

इस फिल्म की कहानी ग्रामीण इलाकों में शौचालयों की जरूरत और उसकी कमी से होने वाली समस्याओं उजागर करती है। इसके साथ ही मूवी में एक लव स्टोरी के जरिए इसे रोचक तरीके से बताया गया है। केशव (अक्षय कुमार) एक ऐसे गांव में रहता है जहां शौचालय की कमी के कारण महिलाएं खुले में शौच के लिए जाती हैं। इस बीच केशव की शादी पढ़ी-लिखी लड़की जया (भूमि पेडनेकर) से हो जाती है। शादी के बाद जब जया को पता चलता है कि केशव के घर में शौचालय नहीं है तो उनके बीच मनमुटाव शुरू हो जाता है। केशव को यह एहसास होता है कि उसके घर में शौचायल होना चाहिए. घर में नहीं, बल्कि पूरे गांव में होना चाहिए।



### बॉक्स ऑफिस पर साबित हुई सुपरहिट

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर की 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' की मेकिंग पर 18 करोड़ रुपए खर्च हुए थे. भारत में मूवी ने 186.42 करोड रुपए का ग्रोस कलेक्शन किया था। वर्ल्डवाइड कमाई 316.97 करोड़ रुपये हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस ना सिर्फ सुपरहिट साबित हुई, बल्कि लगभग 1 दर्जन अवॉर्ड भी जीत लिए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' ने 11 अवॉर्ड अपने नाम कर लिए थे. इन दिनो यह फिल्म जी5 पर अवेलेबल है। आईएमडीबी पर मूवी को 10 में से 7.2 रेटिंग मिली है।

### सच्ची कहानी पर बनी है फिल्म

आपको जानकर हैरानी होगी कि 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' में कोई भी हीरो काम नहीं करना चाहता था। यह खुलासा खुद अक्षय कुमार ने किया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, 'इस फिल्म की स्क्रिप्ट इंडस्ट्री में तकरीबन साढ़े 4 साल तक घूमती रही। कई हीरो के पास गई थी, लेकिन कोई इसमें काम नहीं करना चाहता था। अक्षय कुमार ने आगे कहा, 'मुझे यह मूवी अच्छी लगी, बल्कि मैंने हाथ जोड़कर नीरज पांडे से फिल्म मांगी और कहा कि मैं इसमें काम करना चाहता हूं। मैंने फिल्म की। इस मूवी का नाम शुरुआत संडासः एक प्रेम कथा थी। फिर इसे बदलकर टॉयलेटः एक प्रेम कथा की गई है। यह सच्ची कहानी पर फिल्म बनी है।

## खबर संक्षेप

### पामगढ़ सिविल कोर्ट में 86 प्रतिशत हुआ मतदान



**पामगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में पामगढ़ सिविल कोर्ट में 86 प्रतिशत मतदान हुआ। मंगलवार को हुए चुनाव में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 श्रीमती शीलू केशरी ने चुनाव अधिकारी के रूप में चुनाव सम्पन्न कराया । बताते चले कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के गठन हेतु 105 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें से 25 सदस्यीय कमेटी का चुनाव होना है। चुनाव के लिए मंगलवार को पूरे राज्य में अधिवक्ताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। सिविल कोर्ट पामगढ़ में 127 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 109 अधिवक्ताओ ने मतदान में भाग लेकर अपने मतों का प्रयोग करते हुए प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में बंद कर दिया है। अब किसके किसके सर पर जीत का सेहरा बंधेगा यह मतगणना के बाद ही पता चलेगा ।

### उपमुख्यमंत्री साव 8 को साहू समाज के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**सक्ती।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव भारसाधक मंत्री लोक निर्माण विभाग ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी



विभाग एवं नगरीय निकाय का जिला मुख्यालय सक्ती में 8 अक्टूबर को आगमन हो रहा है। सक्ती जिला प्रथम नगर आगमन पर जिला साहू संघ सक्ती की ओर से उनका भव्य स्वागत अभिनंदन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिला साहू संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष एवं सक्ती के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने बताया कि उपमुख्यमंत्री श्री साव समाज के प्रतिभावान 10वीं, 12वीं ,स्नातक, स्नातकोत्तर,पास 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक, मेडिकल, इंजीनियरिंग , कृषि, वाणिज्य, ला ,के छात्रों का सम्मान करेंगे। साथ ही अच्छे कृषक अच्छे व्यापारी ,अच्छे कर्मचारी ,अच्छे अधिकारी ,अच्छे निर्वाचित जनप्रतिनिधि ,योग टीचर ,अच्छे गायक कलाकार, संगीतकार ,कलमकार, पत्रकार, गीतकार वैज्ञानिक, उद्यमी, ब्लड डोनर,समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया है उनका भी प्रमुख रूप से सम्मान किया जाएगा। साथ ही बुधवारी बाजार सक्ती में निर्मित अटल परिसर और अड़भार में अटल परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम शामिल होंगे। समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. खिलावन साहू ने अधिकाधिक संख्या में समाज के लोगों से शामिल होने का आगरा किया है।

### चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



**बिर्रा।** रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सलिहाघाट में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता के साथ स्वच्छता और नशा मुक्ति विषय पर आधारित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उन्होंने अपने रचनात्मकता और काल्पनिक शक्ति के माध्यम से स्वच्छ भारत का सपना साकार करने तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के शिक्षकों और अभिभावकों व शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं संस्था प्रमुख अभय कुमार पांडेय सहयोगी राकेश श्रीवास ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इसके साथ ही प्रधान पाठक कृष्ण लाल चंद्रा ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और नशा मुक्ति जैसे विषय समाज की प्रगति और आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य से जुड़े हुए हैं। प्रतियोगिता 2 स्तर पर संपन्न हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता पूर्ण करने के पश्चात प्रतिभागी कक्षा 7 वी के पंकज यादव एवं गरिमा यादव 8 वी में संयुक्त रूप से प्रथम अनीता पटेल एवं संगीता मांझी, कक्षा आठवीं द्वितीय तथा हंसिका वैष्णव तृतीय स्थान रही ।

#### चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, महामाया व मनकादाई सहित अंचल के देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

# अष्टमी पर हुई महागौरी की पूजा





मां मनकादाई मंदिर खोखरा में दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा की गई। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। जिले के मां मनका दाई, महामाया मंदिर, चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। देवी-मंदिरों में पुड़ी-हलवा का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा माता के मंदिरों में लाल जोड़े चढ़ाये गये। कई जगहों पर हवन के साथ कन्याभोज का आयोजन भी हुआ।

22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हुई है। वहीं मंगलवार 30 सितंबर को अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान जिले के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही। घट स्थापना के साथ ही मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गये है और पहले दिन से ही माता के दर्शन के साथ ज्योति कलश दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। जिले में प्रमुख रूप से खोखरा की मनकादाई, हरदी की महामाया महामाई, मदनपुरगढ़ की मनकामाई, डोंगरी में सरई श्रृंगारिणी, शिवरीनारायण की अन्नपूर्णा देवी, चंद्रपुर की चंद्राहासिनी देवी, अड़भार की अष्टभुजी, महामाया माई, कमरीद की समलाई मां, चांपा की समलेश्वरी मंदिर, सेमरा की महामाई दाई, शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद, नवागढ़, बलौदा, शिवरीनारायण, छपोरा, सिवनी नैला, बाराद्वार, अड़भार, तागा, बगड़बरी, सलखन, भडेसर, सारागांव के देवी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये गये। मंगलवार को भक्तों ने दुर्गा के आठवें स्वरुप महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। देवी-मंदिरों में पुड़ी-हलवा का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा माता के मंदिरों में लाल जोड़े चढ़ाये गये, वहीं कई स्थानों पर हवन के साथ कन्याभोज का आयोजन भी हुआ। अष्टमी तिथि पर देवी मंदिरों में सुबह 4 बजे से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा, जिसमें महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गयी। इसी तरह हरदी के महामाया में भक्तों की भीड़ लगी रही। जनश्रुति के अवसर पर मां भवानी अपने वाहन शेर पर सवार हो मध्यरात्रि में अपने विग्रह में प्रवेश करती है। माता के दर्शन करने अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुरुप भक्तगण कुछ जमीन पर लोट मारते हुए तो कोई पदयात्रा करते हुए यहां पहुंचे। देवी मंदिरों में कहीं देवी भागवत रामायण के नवाह्न परायण, तो कहीं दुर्गा सप्तशती के सामूहिक परायण का विधान अपनाया गया, परन्तु जसगीत का आयोजन सभी मंदिरों में विशेष रुप से किया गया। महाअष्टमी की पूजा फल के लिए कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया।



अष्टमी पर हुआ हवन।

### केरा चण्डी मंदिर में हुआ हवन- पूजन

**केरा।** दुर्गा अष्टमी पर चंडी देवी मंदिर केरा में अठवाई रोठ से माता की पूजा अर्चना हुई, तत्पश्चात हवन हुआ। नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम केरा में आठवीं शताब्दी से विराजित मां चंडी देवी मंदिर में हर बार क्वांर व शारदीय नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। यहां इस बार बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंगलवार 30 सितंबर को अष्टमी पर मंदिर में आठवाइरोठ का प्रसाद चढ़ाया गया। तत्पश्चात हवन पूर्णाहुति के साथ महाआरती हुई। इस मौके पर आचार्य राजकुमार पांडेय, मंदिर के पुजारी अजय पांडेय, मुख्य यजमान विद्याधर शुक्ला, श्याम निवास शुक्ला (छोटू), बलदेव शर्मा, अर्जुन शुक्ला, प्रताप तिवारी, अश्वनी तिवारी, प्रमोद शुक्ला, आशीष शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, सौरभ शुक्ला, शुभम सहित विप्र समुदाय एवं ग्रामीण श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



खुले में अंतिम संस्कार करते ग्रामीण।

## अब तक नहीं बना मुक्ति धाम, खुले में अंतिम संस्कार करने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

- नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत केशला का मामला

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशला में अब तक मुक्तिधाम नहीं बना है। आज भी ग्रामीण अपने मृत परिजनों का अंतिम संस्कार खुले में करने को मजबूर हैं। ऐसा भी नहीं है इस बात की जानकारी जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को नहीं है, बावजूद इसके गांव में मुक्तिधाम का निर्माण नहीं होना सोचनीय विषय है।

ग्राम में सुशासन महोत्सव के दौरान गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर मुक्ति धाम निर्माण करने की मांग की थी। उन्होंने साफ शब्दों में प्रशासन को अवगत कराया था कि गांव में श्मशान घाट की व्यवस्था न होने से अंतिम संस्कार के समय उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। दुख की घड़ी में जब परिवार को सहारे की सबसे अधिक जरूरत होती है, उस समय खुले में संस्कार करने की विवशता उनके घावों को और गहरा कर देती है, लेकिन अफसोस की बात है कि कई महीने बीत जाने के बाद भी संबंधित विभाग ने इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों की व्यथा को सुनने वाला कोई नहीं है। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि यह स्थिति बेहद दर्दनाक है। एक ओर सरकार "सर्वे भवन्तु सुखिनः" और "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" का नारा देती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत में गरीब ग्रामीण अपने परिजनों को सम्मानजनक विदाई भी नहीं दे पा रहे। अंतिम संस्कार जैसे पवित्र कार्य के लिए भी यदि लोगों को तरसना पड़े, तो यह शासन-प्रशासन की विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। ग्रामीणों का गुस्सा भी अब खुलकर सामने आ रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही मुक्ति धाम का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी है कि अगली बार अधिकारी गांव में सुशासन और विकास की बातें करने आएंगे तो उन्हें करारा जवाब मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि जरूरत इस बात की है कि शासन-प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले और तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत केशला में मुक्ति धाम का निर्माण कराए।

**दिए हैं आवेदन**

हमारे द्वारा सुशासन त्यौहार में करीब सैकड़ों आवेदन दिए है। उसके बावजूद गांव के लोगो को मुक्ति धाम जैसे अतिआवश्यक सुविधा नहीं मिल रही है।

**-अंबिका यादव,** सरपंच ग्राम पंचायत केशला

## आए दिन केबल जलने, डियो कटने लो वोल्टे से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**बिर्रा।** विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के बस स्टैंड चौक के आगे स्थापित 200 केवी का ट्रांसफार्मर में प्रत्येक दिन डियो का कटने, केवल जलने, बिजली के बार-बार ट्रिप होने एवं वोल्टेज कम ज्यादा होने से वहीं बिजली में फाल्ट आने के चलते उपभोक्ता परेशान है।



विद्युत मंडल बम्हनीडीह के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के बस स्टैंड चौक बिर्रा के आगे में राजू इलेक्ट्रॉनिक के सामने में स्थापित 200 केवी का ट्रांसफार्मर में प्रत्येक दिन डियो का कटना, केवल का जलना, बिजली का ट्रिप होना एवं वोल्टेज का कम ज्यादा होना और बिजली फाल्ट हो जाना आदि की समस्या से विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों की सामना करना पड़ र हैं। प्रत्येक दिन यह समस्या आम बात हो गई है। कभी एक घंटा, तो कभी दो घंटा तो कभी एक पहर तक बिजली नहीं आती है, जिसके कारण आसपास के विद्युत उपभोक्ता व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में शिकायत करने के बावजूद भी विद्युत व्यवस्था तुरंत बहाल नहीं किया जाता है। कर्मचारी नहीं होने का बहना बनाते है, जबकि विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में तकरीबन दर्जन भर कर्मचारी पदस्थ है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के कर्मचारियों को फोन लगाकर जानकारी देने पर तुरंत बनाने के लिए नहीं पहुंचते हैं, जिसके कारण उपभोक्ता परेशान होते रहते है। फोटोकॉपी, फोटोशॉप, विद्युत पंखा, पानी पंप , टेलीविजन आदि मनोरंजन के साधन और इलेक्ट्रानिक मशीनों के नहीं चलने से विद्युत उपभोक्ताओं और दुकानों में पहुंचे ग्राहकों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## रक्तदान महादान, 3 माह में एक बार अवश्य करें रक्तदान : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभछत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े की उपस्थिति में हुआ। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. महेंद्र सोनी और डॉ. हरीश श्रीवास द्वारा 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच की गई।



शुभारंभ अवसर पर उपस्थित खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह एवं अन्य।

रक्तदान शिविर में सौरभ सिंह सहित 15 लोगों ने रक्तदान किया, जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 1996 में पहली बार रक्तदान किया था और तब से अब तक लगातार रक्तदान करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और हर व्यक्ति को तीन माह में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और रक्तदान शिविर का आयोजन पूरे जिले में किया जा रहा है। उन्होंने रक्तदान को जीवन रक्षक बताते हुए सभी से इसमें भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम को भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सत्यभामा वैष्णव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शांति भारते, नगर मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान, महामंत्री सुमित सिंह चंदेल और गोवर्धन साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम मे नगर उपाध्यक्ष दिलहरण सिंह कौशिक, अनिल दुबे, धनाराम कश्यप, पार्षद कमलेश वैष्णव , दिनेश दास, पिंटू बरेठ, लक्ष्मी निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, नयन भारती, प्रकाश बोरकर , बीपीएम अनूप मनहर एवं पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पार्षदगण एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

## गरबा नाइट में मां दुर्गा के भक्ति गीतों में झूमे नगरवासी

**अकलतरा।** सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में गरबा नाइट का आयोजन किया गया जिसमें नगर एवं क्षेत्रवासी मां दुर्गा के भक्ति संगीत में झूमते हुए नजर आए। कार्यक्रम में मुंबई से आयी सुप्रसिद्ध एंकर श्रेया शर्मा ने समा बांध लिया, श्रेया शर्मा के साथ माता की भक्ति गीतों में युवाओं ने खूब गरबा किया, कार्यक्रम में रंग बिरंगी रोशनी ने चार चांद लगा दिया। गरबा नाइट में छत्तीसगढ़ की फिल्म अभिनेत्री वीणा शेन्द्रे भी शामिल हुई। कार्यक्रम में



अकलतरा जनपद अध्यक्ष शकुन देव अघरिया ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन समाज में मेल जोल और एकता को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम को समाजसेवी छोटू कश्यप ने भी संबोधित किया। गरबा नाइट में नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी, विकासखंड स्वास्थ अधिकारी डॉ महेंद्र सोनी, पारस साहू, केशव कौशिक, राजेश अग्रवाल, चंदन शर्मा, शैलेन्द्र श्रीवास, किशोर सिंह, सुमित बगड़यिा, गौरी धनराज सिंह सहित वेल विशर फाउंडेशन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा, कोसाध्यक्ष रंजना सिंह , सौरभ सिंह, गौतम साहू, श्रीपाल बैस, सतीश दास मानिकपुरी, प्रेम निर्मलकर, मोहन सिंह कश्यप, प्रशांत कोटागले, दीपक साहू, आकाश सिंह, हरनारायण एवं अकलतरा नगर व क्षेत्र के प्रबुद्धजन शामिल हुए।

### सिलादेही में विराट दशहरा महोत्सव का आयोजन 5 को

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत सिलादेही में विराट दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन रविवार 5 अक्टुबर को गढपारा में होगा। इस दौरान रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। रविवार 5 अक्टुबर को अपरान्ह 3 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह, खेल प्रतियोगिता गढ विजय एव करमा नाच के साथ शाम 6 बजे श्री राम की सेना एवं रावण दल भव्य झांकी के साथ दशहरा मैदान पहुंचेगी, जहां श्री राम रावण युद्ध के बाद रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोक कला मंच आर्केस्टा शानदार प्रस्तुति होगी। आयोजन को लेकर पंचायत पदाधिकारी व ग्रामवासी जुटे हुए है।

## आजाद ग्रुप के रास गरबा का आयोजन आज

**अकलतरा।** नवरात्रि पर आजाद ग्रुप द्वारा नगर के आकाश टॉकीज के पास रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन 1 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के अंकित सिंह सिसोदिया और राज सिंह ने बताया कि राज गरबा कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम शिवम मिश्रा, सुप्रसिद्ध गायिका नेहा पांडेय द्वारा प्रस्तुति देने के साथ एंकर दामिनी पटेल कार्यक्रम का संचालन करेंगी। नगर में पहली बार सुप्रसिद्ध बैंड बाजक कलाकार प्रिंस सिंह द्वारा बैंड में लाइव प्रस्तुति दी जाएगी। लाइव बैंड में रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने बताया कि रास गरबा कार्यक्रम को लेकर भव्य स्टेज और पंडाल का निर्माण कार्य करने के साथ आयोजन को लेकर नगर में पास का वितरण किया जा रहा है। पास के आधार पर ही कार्यक्रम में प्रवेश देने के साथ कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों के गरबा करने विशेष व्यवस्था करने के साथ सुरक्षा के कारण इंतजाम किए गए हैं।

## भालेराय मैदान में हो रही दशहरा उत्सव की तैयारी, फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी की होगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- मुंबई बैंड की सुमधुर प्रस्तुति होगी आकर्षण का केन्द्र, भालेराय मैदान हो रहा तैयार

नगर की दशहरा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरुवार 2 अक्टूबर को शहर के भालेराय खेल मैदान में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस वर्ष का प्रमुख आकर्षण बॉलीवुड अभिनेत्री मंदाकिनी के साथ मुंबई बैंड की शानदार प्रस्तुति होगी। इसके अलावा मैदान में रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के 40 फीट से भी ऊंचे पुतले निर्मित कर इनका दहन कराया जायेगा। नगर के दशहरा उत्सव का आनंद लेने शहर के अलावा आस-पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में भालेराय खेल मैदान में जुटेंगे।





पत्रवार्ता में जानकारी देते आयोजन समिति के पदाधिकारी, भालेराय मैदान में दहन के लिए निर्मित हो रहे रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले

यह जानकारी आयोजन समिति के पुरुषोत्तम शर्मा, डॉ. अतुल राठौर, योगेश अग्रवाल, विनोद तिवारी एवं चंद्रशेखर पांडेय ने मंगलवार 30 सितंबर को होटल रीत कैफे में पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी। उन्होंने बताया कि शहर का दशहरा उत्सव पिछले कुछ वर्षों से अपनी शानदार प्रस्तुति के लिए अंचल में विशेष पहचान बनाता जा रहा है। लोगों की अपेक्षाओं के अनुरुप इस वर्ष भी दशहरा उत्सव को ऊंचाईयां प्रदान करने के लिए समिति ने यह निर्णय लिया है कि इस वर्ष 2 अक्टूबर को शाम 7 बजे से भालेराय खेल मैदान में बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी के साथ देश के सुप्रसिद्ध मुंबई बैंड द्वारा प्रस्तुति देकर समां बांधा जायेगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के पारम्परिक जसगीतों की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध जसगीत गायक देवेश शर्मा देंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भालेराय खेल मैदान में गुरुवार 2 अक्टूबर को शाम 6 बजे से मंचीय कार्यक्रम प्रारम्भ होंगे। इसके बाद 7 बजे तक देवेश शर्मा द्वारा जसगीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके पश्चात रात्रि 8:30 बजे तक फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी और बॉम्बे बैंड द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जायेगी। रात्रि 8:30 बजे से 9 बजे तक रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के 40 फीट से भी ऊंचे पुतलों का दहन किया जायेगा। इसके बाद रात्रि 9 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। दशहरा उत्सव कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय सहित अनेक जन प्रतिनिधि, आयोजन में सहयोग कर्ता विशिष्ट नागरिक भी विशेष रुप से मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर के सभी वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही दशहरा उत्सव विशिष्टता के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने इसके लिए नगर के मीडिया वर्ग से भी सहयोग का अनुरोध करते हुए बताया कि आयोजन के लिए भालेराय खेल मैदान को तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है। मैदान को इस तरह तैयार किया जा रहा है जिससे वह नगर के खिलाड़ियों के लिए भविष्य में उपयोगी हो।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह सितम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह सितम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2025 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

